OM - 4 - 2020 DELHI FINAL_Page 1 and 2 16/05/2020 4:52 PM Page 7

अनुभव

बाबा ने अमृत पिलाकर मूक को दिया स्वर

ब्र.कु. बबन, मीरा सोसाइटी,पुणे

20 साल पहले की बात है, मैं अपने दोस्तों के साथ गेंद खेल रहा था। पुणे कस्बा पेठ में जहाँ हम खेल रहे थे, वहाँ सामने ही ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला थी। दरवाज़ा खुला होने के कारण हमारी गेंद पाठशाला के अंदर चली गई और पिता श्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की तस्वीर से जा टकराई। कांच की तस्वीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। वहां की बूढ़ी-बूढ़ी माताओं ने हमें अंदर बुलाया। हमने सोचा कि अब तो यह माताएं हमें डांटेंगी और घर तक हमारी बहादुरी का समाचार पहुंच जाएगा। लेकिन हुआ उल्टा, उन्होंने बहुत ही प्यार से हमें बिठाया, प्रसाद(टोली)दिया, बाबा का परिचय दिया और रोज़ आने के लिए कहा। बचपन की उस अवस्था में ज्ञान तो इतना समझ में नहीं आया लेकिन यहां की माताएं बहुत अच्छी हैं, यहाँ रोज़ प्रसाद मिलता है, ऐसा सोच कर मैं रोज़ आने लगा। इस तरह से मेरा दिव्य अलौकिक जन्म हुआ। जन्म से ही मैं गूंगा था। घर की आर्थिक स्थिति बिल्कुल साधारण थी इसीलिए पढ़ाई भी नहीं हो पाई। अलौकिक जन्म के बाद एक गुरुवार के दिन माताएं मुझे मीरा सोसाइटी सेंटर पर लेकर गईं। मैं क्लास में सबसे पीछे, कोने में बैठ गया क्योंकि फटे और गंदे कपड़ों के कारण मुझे बहुत शर्म आ रही थी।

प्यारे बाबा की मुरली की समाप्ति के पश्चात् मुझे जब अमृत जल पिलाया गया तो मुख में जल जाते ही तेज़ दर्द हुआ। और शीघ्र ही मुख ठंडा भी हो गया। मेरे मुख से आवाज़ निकलने लगी। मैं बाबा...बाबा...कहने लगा। मुझे जैसे कि स्वर्गीय आनंद मिला। माताओं को भी आश्चर्य हुआ कि यह भगवान की कैसी लीला है। मैं बोलने लगा, यह शुभ समाचार सुनकर लौकिक परिवार भी चकित हो गया।

तब से मेरा भोजन शुद्ध हो गया। अभी भी मेरी वाचा इतनी स्पष्ट तो नहीं है लेकिन फिर भी दैवी परिवार और लौकिक परिवार सहज समझ लेते हैं। बचपन से ही आदरणीया सुंदरी दीदी जी की अलौकिक मां जैसी पालना मिल रही है। मेरे जैसे गांव के छोरे को, गूंगे को वाचा देकर परमात्मा शिव पिता ने मेरा जीवन ही बदल दिया। मानो मुझे नई ज़िंदगी मिल गई हो। संगमयुग पर ही मुझे साहूकार बना दिया। मैं धन्य-धन्य हो गया। कितना धन्यवाद दूं प्यारे बाबा को। अभी तो दिल में बाबा, वाणी में बाबा, कर्म में बाबा, नज़र में भी एक बाबा ही रहता है। मैं जहां भी लौकिक-अलौकिक कार्यक्रम में जाता हूँ तो सभी को यह अनुभव सुनाता हूँ। सुनने वाले बाबा के इस चमत्कार से बहुत आश्चर्यचकित भी होते हैं और उनका परमात्मा में निश्चय भी बढ़ जाता है। मुझे सम्पूर्ण निश्चय है कि भगवान ही सुख कर्ता, दुःख हर्ता और 21 जन्मों के लिए ज़िंदगी संवारने वाला है। ऐसे पिता को बहुत ही प्यार से याद कर भाग्य बनाने की अनमोल घड़ियां अभी हैं, अभी नहीं तो कभी नहीं।

सोनीपत-हरि.। शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कविता जैन,पूर्व कैबीनेट मिनिस्टर,हरि., ब्र.कु. अमीरचंद,समाज सेवा प्रभाग उपाध्यक्ष, ब्र.कु. सरला दीदी तथा अन्य सीनियर टीचर्स।

दिल्ली किंग्सवे। महाशिवरात्रि कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. साधना, ब्र.कु. राजकुमारी,मजलिस पार्क, विधायक दिलीप पाण्डेय तथा अन्य।

आजमगढ़-उ.प्र.। नशामुक्ति प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात् डिप्टी कमिश्नर बाल कृष्ण मोहन को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. रंजना अन्य।

मथुरा-कृष्णा विहार(रिफाइनरी नगर)। महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शरीक हुए रिफाइनरी की संविदा मैनेजर हंसा परेता, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक नेहा चतुर्वेदी, रिफाइनरी की वित्त मैनेजर मेहा यादव, यूके पब्लिक स्कूल की प्राचार्या गीतिका नागर, उभरती गायिका हिमांशी पॉल तथा अन्य प्रतिष्ठित महिलायें। सभी महिलाओं को सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. कृष्णा बहन ने मामेन्टो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मानवाधिकार संरक्षण एवं समाज कल्याण विकास फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने महिलाओं के आध्यात्मिक उत्थान के लिए किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों हेतु ब्र.कु. कृष्णा बहन को सम्मानित किया तथा ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य ललित शर्मा ने आदर्श विकास रत्न से सम्मानित किया।

दिल्ली-बवाना। अलविदा डायबिटीज कार्यक्रम में मंचासीन हैं सी.आई.एस.एफ. डिप्टी कमाण्डेन्ट ओम प्रकाश, चेम्बर ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन प्रकाश चंद जैन, ब्र.कु. डॉ. श्रीमन्त साहू, ब्र.कु. चंद्रिका तथा अन्य।

मसूरी। आध्यात्मिक कार्यक्रम के पश्चात् सभासद मनीषा खरोला को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. मंजू।

शामली-उ.प्र.। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित 'महिला सशक्तिकरण' कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा पिंकी बहन, प्रसिद्ध समाजसेवी बीना अग्रवाल, ब्र.कु. राज तथा अन्य।

देहरादून-प्रेमनगर। जल शक्ति अभियान जागरूकता कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए डॉ. जे.के. पाण्डेय, सीता राम भट्ट, सतेंदर नेगी, सार्थक वोहरा, ब्र.कु. मंजू तथा अन्य।

सफीदों-हरियाणा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए लक्ष्मी स्पाइन थैरेपी की डिस्ट्रीब्यूटर श्रीमति सुषमा, रास कला मंच की सदस्य श्रीमति रुचि भारद्वाज, सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. स्नेह तथा अन्य ब्र.कु. बहनें।

राजगीर-नालंदा(बिहार)। ज्ञान चर्चा के पश्चात् नालंदा यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर सुनैना सिंह को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. पूनम।

शमसाबाद-आगरा(उ.प्र.)। महिला दिवस पर आयोजित 'महिला जन जागृति' रैली का शुभारंभ करते हुए ब्र.कु. भाई बहनें।

दस्तारा-शिवहर(बिहार)। ज्ञान चर्चा के पश्चात् बी.डी.ओ. अमित कुमार को ईश्वरीय साहित्य भेंट करते हुए ब्र.कु. सुनीता।